भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न सं. †4279
सोमवार, 27 मार्च, 2023/6 चैत्र, 1945 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

चिह्नित पर्यटन परिपथों पर पर्यटन अवसंरचना का विकास

†4279. श्री जी.एम. सिद्देश्वरः

क्या पर्यटन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार वर्तमान में धार्मिक पर्यटन हेतु वित्तपोषण प्रदान करने के लिए योजनाएं चला रही है और क्या इस परिव्यय को राज्य सरकारों के साथ साझा किया गया है;

(ख) तीर्थयात्रा कायाकल्प और आध्यात्मिक संवर्धन अभियान (प्रसाद) के अंतर्गत 15 राज्यों में अनुमोदित 24 परियोजनाओं की स्थिति क्या है;

(ग) क्या स्वदेश दर्शन योजना के अंतर्गत चिह्नित 15 पर्यटक परिपथों पर पर्यटक अवसंरचना के विकास का कार्य पूरा कर लिया गया है और इस पर कुल परिव्यय कितना है; और

(घ) विगत पांच वर्षों के दौरान देश में पर्यटन क्षेत्र में ऐसे निवेशों से सृजित नौकरियों का अनुमान क्या है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री (श्री जी. किशन रेड्डी)

(क): पर्यटन का विकास मुख्य रूप से राज्य सरकार/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासन (यूटीए) की जिम्मेदारी है तथापि पर्यटन मंत्रालय स्वदेश दर्शन, तीर्थस्थल जीर्णोद्धार एवं आध्यात्मिक, विरासत संवर्धन अभियान (प्रशाद) और केन्द्रीय एजेंसियों को सहायता नामक अपनी चल रही योजनाओं के तहत धार्मिक स्थलों सहित देश में पर्यटन अवसंरचना के विकास के लिए राज्य सरकारों/यूटीए/केन्द्रीय एजेंसियों को वित्तीय सहायता प्रदान करता है। उपरोल्लिखित योजनाओं के तहत प्रस्तावों की प्रस्तुति और परियोजनाओं की स्वीकृति एक सतत प्रक्रिया है जिसे सम्बन्धित राज्य सरकार/यूटीए/केन्द्रीय एजेंसी के परामर्श से और निधियों की उपलब्धता, उपयुक्त विस्तृत परियोजना रिपोर्टों की प्राप्ति, योजना दिशा-निर्देशों के अनुपालन, चल रही परियोजनाओं के प्रदर्शन और पूर्व में जारी निधियों के उपयोग आदि के अध्यधीन पूर्ण किया जाता है।

(ख): प्रशाद योजना के तहत पर्यटन मंत्रालय ने 25 राज्यों/संघ राज्यक्षेत्रों को कवर करते हुए देश में 45 परियोजनाओं को अनुमोदन प्रदान किया है जिसमें से 21 परियोजनाओं का भौतिक निष्पदन पूरा हो चुका है।

(ग): स्वदेश दर्शन योजना के तहत 5292.57 करोड़ रु. की संधोधित स्वीकृत राशि से देश में 14 थीमेटिक परिपथों के अन्तर्गत कुल 76 परियोजनाओं को अनुमोदन प्रदान किया गया है जिसमें से 59 परियोजनाओं का भौतिक निष्पादन पूरा हो चुका है।

(घ): पर्यटन मंत्रालय द्वारा पर्यटन के माध्यम से परियोजना-वार सृजित रोजगार के आंकड़े अनुरक्षित नहीं किए जाते हैं। तथापि तीसरे पर्यटन सैटेलाइट अकाउंट (टीएसए) के अनुमान के अनुसार पिछले पाँच वर्षों में देश के कुल रोजगार में पर्यटन का योगदान निम्नानुसार है:-

	2016-17	2017-18	2018-19	2019-20	2020-21
रोजगार में हिस्सा (% में)	12.20	14.78	14.87	13.50	12.91
प्रत्यक्ष (%)	5.32	6.44	6.48	5.89	5.63
अप्रत्यक्ष (%)	6.88	8.33	8.38	7.61	7.28
पर्यटन के कारण प्रत्यक्ष +अप्रत्यक्ष नौकरियाँ (मिलियन में)	75.34	72.69	75.85	69.44	68.07

स्रोत: उपर्युक्त अनुमान तीसरे टीएसए और राष्ट्रीय अकाउंट आंकड़े 2022 की सहायता से अद्यतन किए गए हैं।

****